कार्यालय उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ

पत्रांक:475 / मा0मु0सू0आ0 / उ0प्र0सू0आ0 / 2025 दिनांक: 17 नवम्बर, 2026

आदेश

विषय: आयोग के समक्ष कतिपय अपीलकर्ताओं/शिकायतकर्ताओं द्वारा अत्यधिक संख्या में अपीलें एवं शिकायतें प्रस्तुत किए जाने के कारण उत्पन्न प्रशासनिक कठिनाइयों के दृष्टिगत वादों के पंजीकरण, सूचीकरण एवं सुनवाई के संबंध में अंतरिम व्यवस्था लागू किए जाने बावत् ।

उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के समक्ष कतिपय अपीलकर्ताओं/शिकायतकर्ताओं द्वारा अत्यधिक संख्या में अपीलें एवं शिकायतें प्रस्तुत की जा रही हैं। इससे न केवल आयोग के समक्ष लंबित वादों का भार असमान रूप से बढ़ रहा है, बल्कि अन्य सामान्य अपीलकर्ताओं को भी समयबद्ध सुनवाई एवं न्याय प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पारित किए जाने वाले आदेश में तीन उद्देश्यों का संतुलन होना चाहिए:

* अत्यधिक संख्या में समान प्रकृति के वाद दाखिल करके आयोग की कार्यप्रणाली को प्रभावित होने से रोकना।
* वास्तविक एवं जरूरतमंद अपीलकर्ताओं को समयबद्ध सुनवाई उपलब्ध कराना।
* सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत किसी भी नागरिक के वैधानिक अधिकार को अनुचित रूप से प्रतिबंधित न करना।

आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कतिपय अपीलकर्ताओं/शिकायतकर्ताओं द्वारा अत्यधिक संख्या में द्वितीय अपीलें एवं शिकायतें प्रस्तुत की जा रही हैं। आयोग की CATS-UPSIC प्रणाली से प्राप्त /उपलब्ध आँकड़ों का परीक्षण करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कुछ नागरिकों/ आवेदकों द्वारा 40 से अधिक द्वितीय अपीलें/ शिकायतें प्रस्तुत की गई हैं।

दिनांक 17.11.2026 को अपराह्न 01:30 बजे तक उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार स्थिति निम्नवत है, जिनकी सूची संलग्न है:-

CATS-UPSIC

Applicants Wise List – Categorized by Total Case Count

Data as on: 17/11/2026, 01:30 PM

Source: CATS-UPSIC – E-Book Bulk Downloader (122 Applicants found)

Category Summary

Category	Applicants	Total Cases
A – More than 100 total cases	17	3558
B – 40 to 100 total cases	38	2235
Total (A + B)	**55**	**5793**

Notes

- Category A: Applicants with more than 100 total cases. Category B: Applicants with 40 to 100 total cases (both 40 and 100 included).
- S-01 to S-11 show the court-wise case count; a count of 0 is shown in light grey.
- Applicants with fewer than 40 total cases (67) are not included in this list.

Category A: Applicants with more than 100 total cases

17 Applicants | 3558 total cases | Data as on 17/11/2026

S.No.	Name (English)	Name (Hindi)	Mobile	S-01	S-02	S-03	S-04	S-05	S-06	S-07	S-08	S-09	S-10	S-11	Total
1	Ashhad Arif	श्री अशहद आरिफ	7007194487	5	0	0	508	1	0	0	0	0	0	0	514
2	Nirmal Kumar Tripathi	श्री निर्मल कुमार त्रिपाठी	8423414652	19	0	0	314	0	1	0	0	0	8	0	342
3	Anand Chandra Dixit	श्री आनंद चंद्र दीक्षित	9454004010	9	0	0	0	300	0	0	0	0	0	0	309
4	Deepak Shukla	श्री दीपक शुक्ल	9140665429	0	1	0	0	0	283	6	0	0	0	0	290
5	Anand Singh	श्री आनन्द सिंह	9984254272	17	0	0	242	0	0	0	1	0	0	0	260
6	Virendra Singh	श्री वीरेन्द्र सिंह	9026573050	4	224	0	0	0	1	0	0	0	0	0	229
7	Vinod Kumar Mishra	श्री विनोद कुमार मिश्र	8707493905	195	3	0	0	0	0	0	1	2	0	7	208
8	Amitabh Thakur	श्री अमिताभ ठाकुर	9415534526	0	204	0	0	0	0	0	0	0	0	0	204
9	Rajeev Agarwal	श्री राजीव अग्रवाल	9140354272	0	0	0	0	0	0	0	0	0	188	0	188
10	Narad Muni Kushwaha	श्री नारद मुनि कुशवाहा	7408141205	0	1	0	155	0	3	0	1	0	0	0	160
11	Amit Agarwal Haridyesh	श्री अमित अग्रवाल हृदयेश	9760477200	0	0	0	0	0	0	155	0	0	0	0	155

	Name (English)	Name (Hindi)	Mobile	S-01	S-02	S-03	S-04	S-05	S-06	S-07	S-08	S-09	S-10	S-11	Total
12	Mahendra Agrawal	श्री महेन्द्र अग्रवाल	9140083441	0	10	0	3	81	0	41	9	0	1	0	145
13	Bir Bahadur Raao	श्री बीर बहादुर राव	9454333042	6	0	0	114	0	4	0	1	0	0	0	125
14	Abhishek Sawant	श्री अभिषेक सावंत	8574718137	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	120	120
15	Roshan Lal Navik	श्री रोशन लाल नाविक	8423941722	0	0	0	104	0	0	0	2	0	0	0	106
16	Ashok Kumar Shukla	श्री अशोक कुमार शुक्ला	9450668289	17	0	0	0	1	82	0	1	0	1	0	102
17	Amit Kumar	श्री अमित कुमार	8279487880	0	0	0	0	0	0	101	0	0	0	0	101
Total				272	443	0	1440	383	374	303	16	2	198	127	3558

Category B: Applicants with 40 to 100 total cases

38 Applicants | 2235 total cases | Data as on 17/11/2026, 01:30 PM

S.No.	Name (English)	Name (Hindi)	Mobile	S-01	S-02	S-03	S-04	S-05	S-06	S-07	S-08	S-09	S-10	S-11	Total
1.	Harpal Singh	श्री हरपाल सिंह	9455851949	2	1	0	0	1	0	1	0	0	87	1	93
2.	Vijay Kumar Dubey	श्री विजय कुमार दुबे	9936351879	0	0	0	90	0	0	0	0	0	0	0	90
3.	Mahendra Singh	श्री महेंद्र सिंह	9411933069	6	0	0	0	1	0	75	2	0	2	0	86
4.	Rajesh Kumar Singh	श्री RAJESH KUMAR SINGH	9680402266	0	0	0	0	0	0	0	82	0	0	0	82
5.	Umesh Kumar	श्री उमेश कुमार	8979711210	0	75	0	0	0	1	0	1	0	0	1	78
6.	Aslam Ali	श्री असलम अली	9838782762	2	0	0	0	0	0	75	0	0	0	0	77
7.	Jata Shankar Dubey	श्री जटा शंकर दुबे	8299298572	1	0	0	0	0	73	0	0	0	0	0	74
8.	Lalit Sharma	श्री ललित शर्मा	9286224910	0	0	0	0	69	0	0	0	0	0	0	69
9.	Ashok Kumar	श्री अशोक कुमार	9936176382	0	0	0	0	68	0	0	0	1	0	0	69
10.	Sanjay Kumar Verma	श्री संजय कुमार वर्मा	9670242334	2	0	0	0	0	1	0	0	0	66	0	69
11.	Rakesh Arkvanshi	श्री राकेश अर्कवंशी	8127753317	0	0	0	0	65	0	0	0	0	0	0	65
12.	Raghavendra Singh	श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह	9860311600	1	60	0	0	0	3	0	1	0	0	0	65
13.	Mohd Sajid Salmani	श्री मो0 साजिद सलमानी	8630996240	0	0	0	0	0	0	0	0	0	65	0	65
14.	Anil Kumar	श्री अनिल कुमार	9919565243	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	59	61

o.	Name (English)	Name (Hindi)	Mobile	S-01	S-02	S-03	S-04	S-05	S-06	S-07	S-08	S-09	S-10	S-11	Total
15.	Satya Prakash Mishra	श्री सत्य प्रकाश मिश्रा	8081344062	4	0	0	0	56	0	0	0	0	0	0	60
16.	Karan Kumar	श्री करन कुमार	9897299987	7	0	0	0	0	52	0	0	0	0	0	59
17.	Yogendr Kumar	श्री योगेन्द्र कुमार	9675060572	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	57	59
18.	Laxme Narayan	श्री लक्ष्मी नारायण	9450293717	0	0	0	0	0	0	0	0	0	58	0	58
19.	Mahmood Alam	श्री महमूद आलम	9452295093	0	0	0	0	0	0	0	0	0	55	0	55
20.	Ashok Kumar	श्री अशोक कुमार	8755107696	0	0	0	0	54	0	0	0	0	0	0	54
21.	Adarsh Singh Advocate	श्री आदर्श सिंह अधिवक्ता	9369555525	0	0	0	0	0	0	54	0	0	0	0	54
22.	Yusuf Edrishi	श्री यूसुफ इदरीसी	9125001502	0	0	0	0	52	0	0	0	1	0	0	53
23.	Phool Chand Chaudhary	श्री फूल चन्द चौधरी	9838889161	1	0	0	0	0	0	50	0	0	0	0	51
24.	Awadesh	श्री अवधेश कुमार	9415470868	1	1	0	1	46	0	0	2	0	0	0	51
25.	Asit Awasthi	श्री असित अवस्थी	8527908292	0	0	0	0	0	50	0	0	0	0	0	50
26.	Rohit Tripathi	श्री रोहित त्रिपाठी	9936599137	0	0	0	0	0	50	0	0	0	0	0	50
27.	Sanjay Kumar	श्री संजय कुमार	7985151939	0	0	0	2	47	0	0	0	0	0	0	49
28.	Pandit Rajeev Kumar Sharma	श्री पण्डित राजीव कुमार शर्मा	9412894150	8	0	0	0	41	0	0	0	0	0	0	49
29.	S K Valecha	श्री एस के वलेचा	7505341825	0	48	0	0	0	0	0	0	0	0	0	48
30.	Kamala Prasad Pandey	श्री कमला प्रसाद पांडे	6393237277	3	0	0	45	0	0	0	0	0	0	0	48
31.	Chandr Prakash	श्री चन्द्र प्रकाश	9792494384	0	39	0	0	0	2	0	0	6	0	0	47
32.	Ravi Shankar	श्री रवि शंकर	8273062488	2	0	0	0	0	0	0	0	0	44	0	46
33.	Dilshad Ahmad	श्री दिलशाद अहमद	8423666678	1	0	0	0	0	0	44	0	0	0	0	45
34.	Mukesh Maheshwari	श्री मुकेश माहेश्वरी	9670400001	9	0	0	0	33	0	0	0	0	0	0	42
35.	Rajan Mishra	श्री राजन मिश्र	8101253194	0	42	0	0	0	0	0	0	0	0	0	42
36.	Prem Garg	श्री प्रेम गर्ग	7905996837	0	0	0	42	0	0	0	0	0	0	0	42
37.	Ajay Kumar	श्री अजय कुमार	9808662200	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	39	40
38.	Deepak Singh	श्री दीपक सिंह	9456465562	0	0	0	0	0	0	0	0	0	40	0	40
			Total	54	267	0	180	533	232	299	88	8	417	157	2235

उक्त आँकड़े 122 अपीलकर्ताओं/शिकायतकर्ताओं में से उन 55 व्यक्तियों से संबंधित हैं जिनके 40 या उससे अधिक वाद आयोग में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार दर्ज हैं।

उक्त स्थिति से यह परिलक्षित होता है कि मात्र 55 व्यक्तियों के लगभग 5,793 वाद आयोग के समक्ष लंबित कार्यभार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विशेष रूप से 17 व्यक्तियों के 3,558 वादों के कारण आयोग के उपलब्ध अर्द्ध न्यायिक एवं प्रशासनिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है।

उक्त स्थिति के कारण निम्नलिखित समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं अथवा उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है:

1. आयोग के समक्ष उपलब्ध सुनवाई की तिथियों का अत्यधिक भाग कुछ सीमित अपीलकर्ताओं/शिकायतकर्ताओं के वादों में व्यय हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अन्य अपीलकर्ताओं को समय से सुनवाई का अवसर उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है।
2. एक ही अपीलकर्ता द्वारा बड़ी संख्या में अपीलें एवं शिकायतें प्रस्तुत किए जाने के कारण प्रत्येक वाद में पृथक-पृथक तिथि निर्धारित करने, नोटिस जारी करने तथा सुनवाई की कार्यवाही संचालित करने में अत्यधिक समय एवं प्रशासनिक संसाधनों का उपयोग हो रहा है।
3. समान अथवा मिलते-जुलते विषयों पर अनेक अपीलें एवं शिकायतें प्रस्तुत किए जाने से एक ही प्रकार के प्रश्नों पर बार-बार सुनवाई करनी पड़ती है, जबकि ऐसे मामलों का समूहबद्ध अथवा समेकित रूप से निस्तारण संभव हो सकता है।
4. ऑनलाइन सुनवाई के दौरान एक ही व्यक्ति के अनेक वाद निर्धारित होने के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उपलब्ध क्षमता, लिंक, समय एवं तकनीकी संसाधनों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है।
5. अनेक वादों में एक ही लोक प्राधिकरण, जन सूचना अधिकारी अथवा समान प्रकृति के सूचना संबंधी विवाद होने के कारण अभिलेखों के बार-बार तलब किए जाने एवं समान प्रकृति की कार्यवाही दोहराए जाने की स्थिति उत्पन्न होती है तथा अनावश्यक पुनरावृत्ति एवं परस्पर विरोधी आदेशों की संभावना भी उत्पन्न हो सकती है।
6. आयोग के समक्ष लंबित पुराने एवं सामान्य प्रकृति के मामलों के साथ-साथ जीवन एवं स्वतंत्रता से संबंधित अत्यावश्यक मामलों को भी समयबद्ध रूप से सूचीबद्ध करना कठिन हो रहा है।
7. आयोग का उद्देश्य केवल वादों की संख्या के आधार पर कार्यवाही करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र अपीलकर्ता/शिकायतकर्ता को उचित अवसर प्रदान करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति करना है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15(4) के अंतर्गत राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त को आयोग के कार्यों के सामान्य अधीक्षण, निर्देशन एवं प्रबंधन की शक्ति प्राप्त है।

माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालयों द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों तथा न्यायिक कार्यवाही के प्रभावी संचालन के सामान्य सिद्धांतों के अनुसार वादों का समयबद्ध, व्यवस्थित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाना अपेक्षित है।

अतः उक्त के दृष्टिगत; आयोग के समक्ष उपलब्ध संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने, समान प्रकृति के वादों की पुनरावृत्ति कम करने तथा सभी अपीलकर्ताओं/शिकायतकर्ताओं को उचित सुनवाई का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निम्नलिखित अंतरिम प्रशासनिक व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है-

(1) ऐसे आवेदक, जिनके 40 या उससे अधिक मामलें वर्तमान में आयोग में लम्बित हो और उससे अधिक वाद दायर करना हो तो पूर्व से लम्बित 40 मामलों की संख्या में कमी/निस्तारणोपरान्त ही नवीन द्वितीय अपील/ शिकायत दायर कर सकेगें।

(2) ऐसे अपीलकर्ता/शिकायतकर्ता, जिनके 40 या उससे अधिक द्वितीय अपील/ शिकायत/रिकाल वर्तमान में आयोग में लम्बित है, उन्हें अथवा विधिक प्रतिनिधि को व्यक्तिगत रूप से आयोग में उपस्थित होने पर ही उनके प्रकरणों की सुनवाई की जायेगी।

परन्तु

(अ) यदि किसी नवीन अपील/शिकायत में मांगी गई सूचना किसी व्यक्ति के जीवन एवं स्वतंत्रता से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित हो अथवा प्रकरण में असाधारण तात्कालिकता प्रदर्शित होती हो, तो ऐसे प्रकरण को लंबित वादों की संख्या की परवाह किए बिना प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तुत किया जा सकेगा।

ऐसे मामलों में संबंधित अपीलकर्ता/शिकायतकर्ता को अत्यावश्यकता के कारणों एवं उसके समर्थन में उपलब्ध अभिलेखों का उल्लेख करना होगा।

ऐसे प्रकरणों को मुख्य सूचना आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि उनकी तात्कालिकता के अनुरूप आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

(ब) यदि किसी प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय अथवा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा किसी निश्चित अवधि में कार्यवाही अथवा निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया गया हो, तो ऐसे प्रकरण को उक्त न्यायालय के आदेश के अनुरूप प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

संबंधित अपीलकर्ता/शिकायतकर्ता को न्यायालय के आदेश की प्रमाणित अथवा सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

अतः उक्त के दृष्टिगत, प्रभारी CATS-UPSIC को निर्देशित किया जाता है कि CATS-UPSIC प्रणाली में आवश्यकतानुसार उपरोक्त सुविधाओं का विकास एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

17/11/26

(डॉ0 राजकुमार विश्वकर्मा)
मुख्य सूचना आयुक्त

प्रतिलिपिः– <u>निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. निजी सचिव, मा0 मुख्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ ।
2. निजी सचिव, समस्त राज्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ।
3. सचिव/रजिस्ट्रार/संयुक्त रजिस्ट्रार/उपसचिव/वित्त एंव लेखाधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ।
4. कैट्स डेवलपमेन्ट टीम, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की मा0 आयोग की बेवसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें।
5. प्रभारी सी0आर0एम0 सेल को इस आशय से प्रेषित की सर्वसधारण के जानकारी हेतु सूचीपटल पर प्रदर्शित करने सम्बन्धित कार्यवाही करें।

17/11/26

(संदीप गुप्ता)
रजिस्ट्रार